**Nai Dunia (Indore), 22nd April 2021, Page-3**

# आइआइटी के बृजेश ने दिव्यांग प्रीमियर लीग में परचम लहराया

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर के उप प्रबंधक बृजेश द्विवेदी ने यूएई में हाल ही में आयोजित हुई क्रिकेट प्रतियोगिता दिव्यांग प्रीमियर लीग में मुंबई आइडल्स टीम में कप्तानी की है। बृजेश का कहना है कि मैंने हमेशा चुनौतियों का सामना किया और कभी भी दिव्यांग होने के कारण खुद को कम नहीं आंका। आईआईटी इंदौर ने भी मुझे सभी आवश्यक सहायता प्रदान की। संस्थान के प्रयासों के कारण ही सफलता मिल पाई है। मेरी सफलता के लिए परिवार, दोस्तों और इंदौर-सतना के रहवासियों का भी आभारी हूं जिन्होंने मेरा हौसला बढ़ाया। यह पहला दिव्यांग प्रीमियर लीग था, जिसमें छह टीमों ने हिस्सा लिया था। इसमें मुंबई आइडल, दिल्ली चैलेंजर्स, नाइट फाइटर्स, चेन्नई सुपरस्टारज, राजस्थान राजवाडे और गुजरात हिटर टीम शामिल थी। बृजेश ने अनुकरणीय क्षमताएं दिखाते हुए राजस्थान राजवाडे के खिलाफ चार विकेट लिए और 11 रन बनाकर मैन आफ द मैच रहे। चेन्नई सुपरस्टार के खिलाफ दूसरे मैच में उन्होंने 1 विकेट लिया और 25 रन बनाए। ब्रजेश चार सालों से भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के सदस्य हैं।

## अच्छा संतुलन बनाए रखा

आइआइटी इंदौर के कार्यवाहक निदेशक प्रो. नीलेश कुमार जैन ने कहा कि बृजेश ने न केवल संस्थान को गौरवान्वित किया है, बल्कि आधिकारिक प्रतिबद्धताओं और खेल गतिविधियों के बीच बहुत अच्छा संतुलन बनाए रखा है। यह उनके समर्पण और अथक परिश्रम के कारण संभव हो पाया है। संस्थान ऐसी प्रतिभाओं को बढ़ावा देता है।